Mobile No.- 9473942572
E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 369 / M-8 / 97 दिनांक 04.05.2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली दैनिक समाचार पत्र कटिंग, अमर उजाला दिनांक 04.05.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित –

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | बरेली दिनांक 04.05.2026 | सुविधा की आस में मुसीबत पास–  सुविधा की आस में मुसीबत पास | सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 876 पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है जिससे 1805 ग्रामों के सापेक्ष 1211 में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 8629 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के सापेक्ष 8346 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है एवं 892 प्रस्तावित पम्प हाउस के सापेक्ष 856 पम्प हाउस पूर्ण कर लिए गये है। पेयजल पाइप लाइन बिछाने हेतु 4205 कि0मी0 तोडे गये ट्रेंच के सापेक्ष 4111 कि0मी0 पुर्नस्थापना (98 प्रतिशत) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिन ग्रामों में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है उन समस्त ग्राम में तोडे गये ट्रेंच को मोटरेबल कर दिया गया है, पाइप लाइन का कार्य पूर्ण करने के उपरांत पूर्ण पुर्नस्थापित कर दी जायेगी।<br>वर्तमान में जनपद में 403 अवर जलाशयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें 342 योजनाओं पर अवर जलाशय के द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 121 पेयजल योजनायें O & M में जा चुकी है।<br><br>विकास खण्ड मीरगंज में ग्राम मंडनपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, पम्प हाउस, वाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो गया है तथा लक्षित 4514.00 मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 4001.60 मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पेयजल योजना में 520 नग FHTC प्रस्तावित है जिसमें से 200 नग FHTC करा दिये गये है। लक्षित 1941.20 मी0 सी0सी0 रोड के सापेक्ष 100 प्रतिशत सी0सी0 रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लक्षित 1423.50 मी0 खडंजा रोड के सापेक्ष 1300.00 मी खडंजा रोड का पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है तथा लक्षित | |

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 139.00 मी0 इंटरलाकिंग रोड के सापेक्ष 90.00 मी. इंटरलाकिंग रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य प्रगति पर है जिन्हे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजल सप्लाई चल रही है।<br><br>विकास खण्ड शेरगढ़ में ग्राम शरीफनगर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, पम्प हाउस, वाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो गया है तथा लक्षित 33890.00 मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 28000.00 मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पेयजल योजना में 1210 नग FHTC प्रस्तावित है जिसमें से 1150 नग FHTC करा दिये गये है। लक्षित 10500 मी0 सी0सी0 रोड के सापेक्ष 8200 मी0 सी0सी0 रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लक्षित 3000 मी0 खडंजा रोड के सापेक्ष 1750 मी खडंजा रोड का पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य ग्राम में प्रगति पर है जिन्हे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजल सप्लाई चल रही है।<br><br>ग्राम सेथल सम्बन्धित शिकायत जल निगम नगरीय से सम्बन्धित है जिसका निस्तारण नगर निगम नगरीय/ जल निगम नगरीय बरेली से होना सम्भव है।<br><br>विकास खण्ड रामनगर में ग्राम पंचायत दराव नगर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, पम्प हाउस, वाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो गया है तथा लक्षित 70.32 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 68. 33 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पेयजल योजना में 819 नग FHTC प्रस्तावित है जिसमें से 620 नग FHTC करा दिये गये है। पेयजल पाइप लाइन तथा FHTC का कार्य पूर्ण कराने के उपरांत पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य कराया जायेगा। तत्पश्चात रोड पुर्नस्थापना का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा एवं ग्राम के समस्त रोड मोटरेबल कर दिये गये हैं। वर्तमान में सोलर तार चोरी हो जाने के कारण ग्राम पंचायत में पेयजल सप्लाई बाधित हो गयी थी जिसे 2 दिवस में रिवायरिंग करा कर पुनः पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से प्रारम्भ करा दी जायेगी।<br>ग्राम पंचायत गुलड़िया लेखराज पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 95% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से प्रतिदिन निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं। | |

Scanned with OKEN Scanner

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विकास खण्ड भदपुरा की ग्राम पंचायत मधुनगला पेयजल योजना में रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से प्रातः व सांय काल पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।<br>विकास खण्ड भदपुरा मे ग्राम पंचायत क्योलडिया और केला डांडी पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य निर्माणाधीन है , पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 70% , पूर्ण कर लिया गया है। कनैक्शन का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गयी रोड 17 कि0मी0 के सापेक्ष 10.5 किमी0 रोड का निर्माण कर दिया गया है। शेष कार्य तथा रोड पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है। उक्त पेयजल योजना में पेयजल पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर पेयजल सप्लाई चालू कर दी जायेगी।<br>विकास खण्ड भदपुरा मे ग्राम पंचायत बिहारीपुर पीतमराम किशनपुर कुईया पेयजल योजना के अन्तर्गत तीन ग्राम (बिहारीपुर किशनपुर मुड़ीया मलूकपुर) सम्मिलित है अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर हैं जो कि 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो गया है, ग्राम में रोड पुर्नस्थापना का कार्य 95% पूर्ण हो गया है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से निरन्तर किशनपुर कुईया पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं। शेष दोनो ग्राम में अवर जलाशय का कार्य पूर्ण के उपरान्त पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से प्रारम्भ की जाएगी।<br>ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 25% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत बरखन पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 100% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत अभयराजपुर खतऊआ पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 100% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत मेथी नवदिया पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं। | |

Scanned with OKEN Scanner

No.- 9473942572

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्राम पंचायत नवदिया मोतीराम और नकटी नरायनपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 25% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में ग्राम में पेयजल सप्लाई बाधित है। पेयजल योजना के कार्य शीघ्र पूर्ण करा कर ग्राम में पेयजल सप्लाई प्रारम्भ करा दी जायेगी।<br>ग्राम पंचायत परसरामपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95%, कनैक्शन का क्रार्य 95% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत ठिरिया बन्नोजान और अभयपुर मुल्लपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 25 % तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत कुवरपुर तुलसी पट्टी और बडेपुरा पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से ग्राम बडेपुरा और अबदला में निरन्तर पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं एवं कुवरपुर तुलसीपट्टी में अवर जलाशय का कार्य पूर्ण होने के उपरांत पेयजल सप्लाई दी जायेगी।<br>ग्राम पंचायत अमीर नगर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 70% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 85%, कनैक्शन का कार्य 85% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में PWD रोड पर पेयजल पाइप लाइन विछाना प्रस्तावित है जिसे सम्बन्धित विभाग द्वारा NOC प्राप्त होने के उपरांत ग्राम में पेयजल पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर पेयजल सप्लाई चालू कर दी जायेगी।<br>ग्राम पंचायत नौगवां भगवंतपुर और जरपामरेहनपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 25% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90%, कनैक्शन का कार्य 85% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से आंशिक रूप से पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>ग्राम पंचायत माधोपुर और जगतपुर पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 25% तक पूर्ण हो चुका है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90%, कनैक्शन का कार्य 90% पूर्ण हो चुका है, ग्राम में ग्राम माधोपुर में डायरेक्ट | |

Scanned with OKEN Scanner

e No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पम्प के माध्यम से आंशिक रूप से पेयजल सप्लाई दी जा रही हैं।<br>यहां यह भी अवगत कराना है कि विगत एक वर्ष से शासन द्वारा धनावंटन न होने के फलस्वरूप जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वन सुचारू रूप से नही हो सका था जिसे अब पुनः शासन द्वारा धनावंटन प्राप्त कर जनपद की समस्त पेयजल योजनाओ पर पुनः कार्य प्रारम्भ कर समयान्तर्गत मिशन मोड पर कार्य पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है। | |

अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

20% EXTRA
मिलते-जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान

# सुविधा की आस में मुसीबत पास

बरेली। हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाए गए ओवरहेड टैंक सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डालने को खोदी गईं सड़कें भी बदहाल हैं। ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल की उम्मीद तो छोड़ ही दी है। अब आवागमन में हो रही समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। सुविधा मिलने के बजाय उनकी मुसीबत बढ़ गई है। संवाद

## ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

विकासखंड मीरगंज के गांव मंडनपुर में दो साल पहले पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन उसके बाद सड़कों को समतल नहीं किया गया। गांव में जगह-जगह सड़क उखड़ी है। पाइपलाइन बिछाने के बाद टोटियां नहीं लगाई गईं। ओवरहेड टैंक के पिलर भी टेढ़े हो गए हैं, जिससे हादसे की आशंका है। फिलहाल मोटर चलाकर 50 घरों में जलापूर्ति की जा रही है। 350 घरों में अभी भी पेयजल नहीं पहुंचाया गया है। ग्राम प्रधान रिजवान अहमद ने बताया कि गांव में लगे सोलर पैनल की 17 प्लेटें चोरी हो गईं। उबड़-खाबड़ सड़कों से आवागमन में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने जल्द सुनवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। अधिशासी अभियंता राकेश चौधरी ने बताया कि उन ओवरहेड टैंकों पर ही काम कराया जा रहा है, जिनका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मंडनपुर जैसे जिन टैंकों का कार्य अधूरा है, उन पर अभी काम शुरू नहीं किया गया है।



गांव मंडनपुर में टूटी सड़क। संवाद

## एसडीएम से शिकायत पर नहीं हुआ समाधान

आंवला के गांव दरावनगर में दो साल पहले ओवरहेड टैंक बनाया गया था। घरों में पेयजलापूर्ति के लिए गांव में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों को समतल नहीं कराया गया। इससे आवागमन में परेशानी होती है, खासकर बरसात में परेशानी होती है। पूर्व प्रधान हरिप्रकाश पाठक और परशुराम ने बताया कि एक साल सड़कों का यही हाल है। अधिकतर घरों तक कनेक्शन पहुंचाया ही नहीं गया है। ग्रामीण, एसडीएम और कंपनी के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। प्रोजेक्ट मैनेजर एनसीसी शिवेंद्र कुमार ने बताया कि नौ माह से फंड न मिलने से दिक्कत आ रही थी। नए वित्तीय वर्ष में मई के अंतिम सप्ताह तक समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति से लोगों को सुविधा होगी।



पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क। संवाद

## डीएम से शिकायत करने पर भी नहीं हुई सुनवाई

सेंथल में भी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सड़कों की मरम्मत ठीक से नहीं की गई। सड़कें उखड़ने लगी हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। किराना व्यापारी आलीशान ने बताया कि सड़क पर गड्ढों में फंसने से ठेले पलट जाते हैं, जिससे सड़क उखड़ती है। सभासद हरिशंकर मौर्य और महबूब ने बताया कि इस समस्या के समाधान की गुहार डीएम से लगाई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सभासदों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है। समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है।



मरम्मत के बाद उखड़ रही सड़क। संवाद

बहेड़ी के शरीफ नगर गांव में कार्य कराया गया। गांव की सीसी रोड तोड़कर पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद सीसी रोड को समतल नहीं किया गया। बरसात में गांव में कीचड़ हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ग्रामीण कई बार अधिकारियों से टूटे हुए सीसी रोड की मरम्मत की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। भाकियू के तहसील अध्यक्ष राजेश खन्ना ने इस मामले की शिकायत बरेली जाकर डीएम से की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।



शरीफ नगर में ऊबड़-खाबड़ रोड। संवाद

## लीकेज की है समस्या

ब्लॉक के गुलड़िया लेखराज गांव में पानी की टंकी का निर्माण दो साल से अधूरा है। इस टंकी से रुकुमपुर, चंद्रपुर और ख्याली राम गांवों को पानी मिलना था। टंकी के पिलर खड़े हैं, पर ओवरहेड टैंक नहीं बना। मधुनगला जैसे कुछ गांवों में पानी एक-दो घंटे आता है, पर लीकेज की समस्या है। क्योलड़िया में पाइपलाइन के लिए खोदी सड़कें भी सही नहीं की गईं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।



क्योलड़िया क्षेत्र में ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा। संवाद

## इन गांवों में नहीं हुई पेयजल आपूर्ति

किशनपुर कुइया, क्योलड़िया, बबूरा बबुरी, बरखन, खतौआ, मेथी नवदिया मोतीराम, नकटी नरायनपुर, परशुरामपुर, ठिरया बन्नो जान, बड़ेपुरा, अमीर नगरी, अभयपुर, मुल्लापुर, कुंवरपुर, तुलसी पटी, नौगमा, भगवंतपुर, केला डांडी और जगतपुर सहित कई ग्राम पंचायतों में अभी भी पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। ब्लॉक की 79 ग्राम पंचायतों में से केवल 24 गांवों में ही टंकी का निर्माण पूरा हुआ है। कई गांवों में पाइपलाइन का काम अधूरा है। कुछ अन्य गांवों में भी कार्य अपूर्ण स्थिति में है। ग्रामीणों ने हर घर शुद्ध पेजयल की उम्मीद छोड़ दी है।

इस मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाली संस्था को सीसी रोड ठीक करने के लिए बोला गया है। जल्द ही इस पर प्रगति होगी।
- पीके वर्मा, एई, जल निगम, बरेली